प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मूतवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर–जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को रवाना किया। यह रेलगाड़ी जो पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब जम्मूतवी तक चलेगी। विस्तारित मार्ग पर इस रेलगाड़ी की नियमित सेवाएं दो मई से शुरू होंगी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि इस सेवा के शुरू होने से तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेन जम्मू कश्मीर के लिए लाइफ लाइन बन गयी है।

****

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और विकास की मांगें रखीं। सांसद ने पलामू में वैगन निर्माण एवं रखरखाव इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जिस पर रेल मंत्री ने व्यवहार्यता अध्ययन का आश्वासन दिया है। साथ ही, चोपन–देवघर एक्सप्रेस और रांची–अहमदाबाद एक्सप्रेस जैसी नई ट्रेन सेवाएं शुरू करने तथा राजधानी एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

****

झारखंड समेत देशभर में महिलाओं की वर्कफोर्स भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि महिला रोजगार दर 2017 में 22 प्रतिशत थी, जो 2025 में बढ़कर 39 प्रतिशत हो गई है और महिला श्रम बल भागीदारी दर 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह वृद्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत विजन के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने वाले बढ़ते अवसरों, सामाजिक सुरक्षा कवरेज और श्रम सुधारों को दर्शाती है।

****

हर वर्ष 30 अप्रैल को आयुष्मान भारत दिवस मनाया जाता है। यह दिवस स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ती बनाने के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत 23 सितंबर 2018 को की थी। यह दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी फंड वाला स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है, जो गरीब और कमजोर परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज प्रदान करता है। अब इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य कवरेज की शुरुआत की गई है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के उपायुक्त नितीश कुमार सिंह ने आज जनगणना को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना पहले चरण में कल से 15 मई तक स्व–गणना की जाएगी। इस दौरान लोग अपने घर और परिवार का डेटा स्वयं भर सकेंगे।

****

गिरिडीह में भी जनगणना को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिले की उपविकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने बताया कि जिले में जनगणना को लेकर आठ सौ दो पर्यवेक्षक और चार हजार छह सौ निन्यानबे प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार आम नागरिकों के लिए पहली बार स्व–गणना की सुविधा दी गई है। प्रथम चरण में पूछे जाने वाले 30 प्रश्नों के उत्तर स्वयं दर्ज करने होंगे।

****

सिमडेगा जिले की स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आज मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन की शुरुआत हैरिटेज सेंटर से हुई, जो मुख्य मार्ग, नीचे बाजार, भट्टीटोली, कॉलेज मोड़ और बाजारटांड़ से गुजरी। महिला वर्ग की दौड़ का समापन अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से होते हुए सदर प्रखंड के पास किया गया, जबकि पुरुष वर्ग की दौड़ जेल मोड़, उत्कृष्ट विद्यालय से सामटोली होते हुए सदर प्रखंड तक आयोजित हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला स्थापना दिवस समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज दोपहर बाद तेज हवा के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के तात्कालिक पूर्वानुमान के मुताबिक अगले कुछ घंटों में गुमला, खूंटी और सिमडेगा में गरज के साथ

हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से चालीस किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

*********समाप्त*************